राजस्थान पत्रिका 1/10/16

तकनीक का पशुपालकों तक लाभ पहुंचाएं

मालपुरा केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान में उद्घाटन समारोह को सम्बोधित करते संस्थान निदेशक।

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
rajasthanpatrika.com

मालपुरा @ पत्रिका. केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर में शुक्रवार को भेड़ों में मद समकाल एवं कृत्रिम गर्भाधान विषय पर पशु चिकित्साधिकारियों का सात दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हुआ।

मुख्य अतिथि संस्थान निदेशक डा. एस.एम.के. नकवी ने कहा कि मांस की बढ़ती मांग को पूरा करने एवं भेड़ों में मदकाल में लाने के लिए संस्थान की ओर से सस्ती एवं सुलभ तकनीक का विकास किया है। इस तकनीक का लाभ पशुपालकों तक पहुंचाना होगा।इस अवसर पर प्रशिक्षण समन्वयक डॉ. रजनी पॉल ने प्रशिक्षण के बारे जानकारी दी। पशु शरीर क्रिया एवं जीव रसायन विभाग की वैज्ञानिक डॉ. अर्पिता महापात्रा ने कार्यक्रम का संचालन किया। संस्थान की पीआर सेल के प्रभारी डॉ.रमेशचन्द शर्मा एवं राजभाषा भाषा विभाग के सहायक निदेशक मुरारी लाल गुप्ता ने बताया कि प्रशिक्षण में हिमाचल प्रदेश, महाराष्ट्र सहित राजस्थान प्रान्त के अनेक जिलो के पशु चिकित्साधिकारी हिस्सा ले रहे हैं।